बी एच ई एल
BHEL

# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
## कम्पोनेंट फेब्रीकेशन प्लांट: रुद्रपुर
## (मानव संसाधन प्रबंधन विभाग)

क्र. सीएफ़पी: मा सं: अप्रै: आरईसीटी: 2025:

दिनांक: 26.03.2025

**परिपत्र क्रमांक 009/ 2025**

बीएचईएल, सीएफ़पी, रुद्रपुर में निम्नलिखित व्यवसायों (Trades) में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से ट्रेड अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। केवल वे अभ्यर्थी ही इस अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के पात्र होंगे, जिन्होने आईटीआई उत्तीर्ण करने के पश्चात एक वर्ष या इससे अधिक नौकरी नहीं किया है तथा न ही अप्रेंटिस शिप अधिनियम 1961 व उसमें समय-समय पर संशोधन के तहत कहीं से अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त किया है। साथ ही अभ्यर्थी किसी पाठ्यक्रम हेतु कोई नियमित कोर्स न कर रहा हो। अन्य अर्हताए निम्नानुसार है:-

| क्र सं | ट्रेड | रिक्तियों की कुल संख्या | आयु सीमा (01 जनवरी 2025 को) एवं छूट | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | फिटर | 01 | • न्यूनतम : 18 वर्ष<br>• अधिकतम: सामान्य वर्ग के लिए अभ्यर्थियों के लिए 27 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 30 वर्ष एवं अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 32 वर्ष।<br>• 40% या उससे अधिक शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों (अस्थि बाधित/श्रवण बाधित/दृष्टि बाधित) को अपने वर्ग में अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी<br>• बीएचईएल, रुद्रपुर के कर्मचारियों के आश्रितों को बीएचईएल नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी। | हाईस्कूल उत्तीर्ण एवं एनसीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से वर्ष 2021, 2022, 2023 एवं 2024 में आईटीआई नियमित अभ्यर्थी के रूप में उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र होंगे।<br>वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में एससीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से वर्ष 2021, 2022, 2023 एवं 2024 में आईटीआई नियमित अभ्यर्थी के रूप में उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। |
| 02 | वेल्डर गै.&इ. | 03 | | |

**नोट:-**

1- चयन प्रक्रिया के तहत उपर्युक्त रिक्तियों को सर्वप्रथम उत्तराखंड राज्य के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जाएगा। तत्पश्चात शेष रिक्तियों को अन्य राज्य के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जाएगा।
2- उपर्युक्त रिक्तियों की संख्या अनुमानित है तथा अंतिम आकलन के आधार पर इनमें परिवर्तन भी संभव है।
3- भर्ती की अन्य नियम व शर्तें संलग्न प्रपत्र-क (ट्रेड अप्रेंटिसशिप भर्ती 2025 विस्तृत नियम व शर्ते), दिनांक 26.03.2025 के अनुसार रहेगी।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

26.3.25
(भावना श्रीवास्तव)
उप अधिकारी (मा.सं.)

वितरण:-

- महाप्रबंधक (सीएफ़पी) - सादर सूचनार्थ।
- अपर महाप्रबंधक (प्रचालन)-सादर सूचनार्थ।
- समस्त विभागाध्यक्ष-सूचनार्थ एवं अधीनस्थ कर्मचारियों के सूचनार्थ।
- प्रभारी सुरक्षा (मुख्य द्वार) / अंशकालीन चिकित्साधिकारी-बीएचईएल डिस्पेन्सरी
- संबंधित फ़ाइल/इंट्रानेट/ई-मेल।
- सभी सूचना पट्ट

प्रतिलिपि:-

- महाप्रबंधक एवं प्रमुख (कैपेक्स, एसएस&पी, एवं सीएफ़पी) बीएचईएल - सादर सूचनार्थ।
- जिला सेवायोजन अधिकारी, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड-263153.
- Principal, Govt. ITI, Haldwani/Kashipur/Bazpur.
- RDSDE, Dehradun, Uttarakhand - 248171

## ट्रेड अप्रेंटिसशिप भर्ती 2025 विस्तृत नियम व शर्ते

बीएचईएल, सीएफ़पी, रुद्रपुर में निम्नलिखित व्यवसायों (Trades) में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से ट्रेड अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। केवल वे अभ्यर्थी ही इस अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के पात्र होंगे, जिन्होने आईटीआई उत्तीर्ण करने के पश्चात एक वर्ष या इससे अधिक नौकरी नहीं किया है तथा न ही अप्रेंटिस शिप अधिनियम 1961 व उसमें समय-समय पर संशोधन के तहत कहीं से अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त किया है। साथ ही अभ्यर्थी किसी पाठ्यक्रम हेतु कोई नियमित कोर्स न कर रहा हो। अन्य अर्हताए निम्नानुसार है:-

| क्र सं | ट्रेड | रिक्तियों की कुल संख्या | आयु सीमा (01 जनवरी 2025 को) एवं छूट | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | फिटर | 01 | • न्यूनतम : 18 वर्ष<br>• अधिकतम: सामान्य वर्ग के लिए अभ्यर्थियों के लिए 27 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 30 वर्ष एवं अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 32 वर्ष।<br>• 40% या उससे अधिक शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों (अस्थि बाधित/श्रवण बाधित/दृष्टि बाधित) को अपने वर्ग में अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी<br>• बीएचईएल, रुद्रपुर के कर्मचारियों के आश्रितों को बीएचईएल नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी। | हाईस्कूल उत्तीर्ण एवं एनसीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से वर्ष 2021, 2022, 2023 एवं 2024 में आईटीआई नियमित अभ्यर्थी के रूप में उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र होंगे।<br>वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में एससीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से वर्ष 2021, 2022, 2023 एवं 2024 में आईटीआई नियमित अभ्यर्थी के रूप में उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। |
| 02 | वेल्डर गै.&इ. | 03 | | |

नोट:-

1. चयन प्रक्रिया के तहत उपर्युक्त रिक्तियों को सर्वप्रथम उत्तराखंड राज्य के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जाएगा। तत्पश्चात शेष रिक्तियों को अन्य राज्य के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जाएगा।
2. उपर्युक्त रिक्तियों की संख्या अनुमानित है तथा अंतिम आकलन के आधार पर इनमें परिवर्तन भी संभव है।

**महत्वपूर्ण निर्देश:-**

- प्रशिक्षण अवधि Apprenticeship Act 1961 एवं भारत का राजपत्र (The Gazette of India), दिनांक 02 मार्च 2017 द्वारा दिये गए निर्देशानुसार एक वर्ष की रहेगी।
- अभ्यर्थियों का अप्रेंटिसशिप पोर्टल (https://apprenticeshipindia.org) पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। अप्रेंटिस शिप पोर्टल पर पंजीकरण करने के उपरांत अपने अप्रेंटिस शिप प्रोफ़ाइल द्वारा 'Apprenticeship Opportunities' में जाकर निर्धारित बिन्दुओं को भरते हुए 'Bharat Heavy Electricals Limited, Rudrapur' संस्थान search कर अपने ट्रेड में उपलब्ध सीटों हेतु apply भी करें।

नोट: अभ्यर्थी यह भी ध्यान दें कि जिन्होने अप्रेंटिस शिप पोर्टल (https://apprenticeshipindia.org) पर पंजीकरण किया है उन्हे दुबारा पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही यह भी सुनिश्चित कर लें कि पंजीकरण के दौरान आपके द्वारा निर्धारित दस्तावेजों का विवरण भरते हुए आवश्यकतानुसार इसे अपलोड भी कर दिया गया है। अभ्यर्थी मुख्य रूप से यह अवश्य सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा अप्रेंटिस शिप पोर्टल पर पंजीकरण करते समय अंकित आधार संख्या सही हो, इस आधार कार्ड में उनका नाम, पिता का नाम व जन्मतिथि इत्यादि विवरण पूर्णतया सही हो (नाम में spelling mistake नहीं होना चाहिए) तथा पोर्टल द्वारा Aadhaar Verification के स्थान पर यह अवश्य लिखा हो कि "Your Aadhaar is verified Successfully!!"। किसी प्रकार कि त्रुटि की दशा में अपने आधार कार्ड या प्रोफ़ाइल संबंधी त्रुटि को यथाशीघ्र ठीक करा लें। अप्रेंटिस शिप प्रोफ़ाइल में किसी प्रकार की त्रुटि होने की दशा में, जिससे आपकी ऑनलाइन ज्वाइनिंग प्रभावित होगी, आपका आवेदन अयोग्य माना जाएगा। अप्रेंटिस शिप पोर्टल द्वारा पंजीकरण या अन्य संबंधित जानकारी हेतु उनके पोर्टल पर दिए गए संपर्क सूत्र से ही संपर्क करें, कृपया इस संबंध में हमसे कोई पूछताछ न करें।

- अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों का चयन अप्रेंटिस एक्ट के अनुसार उत्तराखंड राज्य के लिए निर्धारित कुल सीटों के क्रमश: 1:3 व 1:6 के अनुपात में होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडबल्यूएस (EWS) एवं शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण उत्तराखंड राज्य सरकार के नियमानुसार दिया जाएगा।
- अन्य पिछड़ा वर्ग (**नॉन क्रीमी लेयर**) के अभ्यर्थियों का दिनांक 01.01.2024 से पुराना जाति प्रमाण पत्र (OBC Certificate) या जिस जाति प्रमाण पत्र की वैद्यता समाप्त हो चुकी है, मान्य नहीं होगा।
- ईडबल्यूएस (EWS) वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 **के लिए जारी ईडबल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।**
- कर्मचारी (कार्यरत/सेवानिवृत्त/मृतक) के आश्रितों को बीएचईएल नियमानुसार आश्रित कोटा के अंतर्गत छूट प्रदान की जाएगी। जिसके लिए उम्मीदवार को मांगने पर दस्तावेज़ उपलब्ध कराना होगा।
- अभ्यर्थियों को NCVT बोर्ड से आईटीआई उत्तीर्ण किया होना चाहिए, परंतु इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स (मेंके0) तथा वेल्डर ट्रेड के SCVT बोर्ड से आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र होंगे।

26/3/25

- वे अभ्यर्थी जिन्होने आईटीआई व्यक्तिगत अभ्यर्थी के रूप में (as a private candidate) किया है, वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं है।
- वर्ष 2021 या 2021 के बाद आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनको बोर्ड द्वारा अंकपत्र प्राप्त हो गया है, ही आवेदन करने के पात्र होंगे। वे अभ्यर्थी जिन्हे आईटीआई का परीक्षाफल/अंकपत्र बोर्ड द्वारा प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन करने के पात्र नहीं है।

**वृतिका (Stipend):**

- सभी चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में अप्रेंटिसशिप दिशा-निर्देशों के अनुसार मासिक वृतिका (stipend) देय होगा ।

**स्वास्थ्य (Medical):**

- आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व दिए गए प्रारूप पर सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणित चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों की नियुक्ति अप्रेंटिस एक्ट 1961 व समय-समय पर हुए संशोधन द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानको पर खरा उतरने पर निर्भर करती है।

**चयन प्रक्रिया (Selection Process):**

- उपर्युक्त प्रक्रिया में इकाई के रिक्त पदों (अप्रेंटिस) की संख्या apprenticeship.gov.in साइट पर अपलोड कर दी जाएगी।
- आवेदन करने की अंतिम तिथि तक प्राप्त हुए आवेदनो के अभ्यर्थियों को मेल द्वारा सूचित किया जाएगा। **और सही एवं पूर्ण आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को ई-मेल के माध्यम से लिखित परीक्षा हेतु बुलाया जाएगा।**
- अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। **परीक्षा की भाषा हिन्दी/अंग्रेजी अथवा दोनों हो सकती है।**
- लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक समान होने की दशा में आईटीआई में अधिक प्रतिशत प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को पहली वरीयता और उसके बाद उम्र में वरिष्ठ अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।

**नोट:**

- आमंत्रित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता / मंहगाई भत्ता देय नहीं होगा।
- आवेदन से संबंधित किसी भी उचित पूछताछ के लिए दूरभाष संख्या 05944-257-272, 265, 207 पर संपर्क किया जा सकता है।

**सामान्य निर्देश:**

- अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु निर्धारित अनिवार्य योग्यता धारण करते हैं। यदि चयन के किसी भी चरण में या चयन के उपरांत यह पाया जाता है की अभ्यर्थी अर्हताओं को पूर्ण नहीं करता है एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्य एवं संलग्न दस्तावेज़ सत्य एवं सही नहीं है तो आवेदक की उम्मीदवारी/नियुक्ति किसी भी समय बिना किसी कारण बताए निरस्त की जा सकती है।
- अभ्यर्थियो को निम्नलिखित दस्तावेज़ अनिवार्य रूप से बीएचएलई द्वारा मांगने पर ई-मेल के माध्यम से देना होगा, अन्यथा उनका आवेदन निरस्त माना जाएगा:

1. हाई-स्कूल अंकपत्र
2. आईटीआई आंकपत्र (सभी सेमेस्टर के अंकपत्रों के साथ अंतिम अंकपत्र)
3. आधार कार्ड
4. जाति प्रमाण पत्र / ईडबल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
5. शारीरिक रूप से अक्षम प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
6. उत्तराखंड के निवासी संबंधित मूल निवास प्रमाण पत्र (Domicile Certificate)

- अभ्यर्थियो को निम्नलिखित दस्तावेज़ अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात निम्न दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति ई-मेल के माध्यम से कंपनी के मांगने पर उपलब्ध कराने होंगे अन्यथा उनका आवेदन निरस्त माना जाएगा:

1. हाई-स्कूल अंकपत्र
2. आईटीआई अंकपत्र (सभी सेमेस्टर के अंकपत्रों के साथ अंतिम अंकपत्र)
3. आधार कार्ड
4. जाति प्रमाण पत्र / ईडबल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
5. शारीरिक रूप से अक्षम प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
6. उत्तराखंड के निवासी संबंधित मूल निवास प्रमाण पत्र (Domicile Certificate)
7. चरित्र प्रमाण पत्र (Character Certificate) (नियुक्ति के समय)
8. मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र (Medical Fitness Certificate) (नियुक्ति के समय)

26/3/25

- प्रबंधन के पास बिना कोई कारण दिये चयन प्रक्रिया के संशोधन/पुन निर्धारण/निरस्त/निलंबन करने का अधिकार है। प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।
- इस परिपत्र के फलस्वरूप अथवा परिपत्र के संदर्भ में आवेदन के फलस्वरूप उत्पन्न किसी दावे या विवाद के लिए प्रार्थना पत्र देने की प्रक्रिया केवल रुद्रपुर में शुरू की जा सकती है तथा न्यायालय/ट्रिब्यूनल/फोरम रुद्रपुर के पास इस संबंध में कारण/विवाद की जांच करने का एकल तथा विशेष न्यायाधिकर होगा।
- चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा।
- चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में रहने, खाने एवं ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
- अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अप्रेंटिस प्रशिक्षण कि अवधि केवल एक वर्ष की होगी। बीएचईएल रुद्रपुर में प्रशिक्षण के उपरांत अभ्यर्थियों का इस प्रशिक्षण को आधार मानकर बीएचईएल में किसी प्रकार के रोजगार की दावेदारी का कोई अधिकार नहीं होगा।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ (संभावित):**

| | | |
|---|---|---|
| 1. ऑनलाइन अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर आवेदन करने हेतु आरंभिक तिथि | : | 26.03.2025 |
| 2. ऑनलाइन अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि | : | 30.04.2025 |

| | | |
|---|---|---|
| 1. अन्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति जमा करने की अंतिम तिथि | : | ई-मेल के माध्यम से बाद में सूचित किया जाएगा। |
| 2. अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची घोषणा करने की तिथि | : | |
| 3. ज्वाइनिंग हेतु रिपोर्ट करने की तिथियाँ | : | |

दिनांक: 26.03.2025

26/3/25
(भावना श्रीवास्तव)
उप अधिकारी (मा.सं.)